कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला सागर (म.प्र.)

क्र./593 /जि.वि.से.प्रा./2026 सागर, दिनाँक 17/06/2026

विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर द्वारा ग्रामों एवं जनपद पंचायतों में स्थापित किये जाने वाले लीगल एड क्लीनिक, पुलिस थानों में समाज के कमजोर, पिछड़े तथा पीड़ित व्यक्तियों को सहायता एवं सलाह एवं गुमशुदा बच्चों को मदद करने हेतु तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के सहयोग के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर हेतु पैरालीगल वालेन्टियर्स का एक वर्ष के लिए चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

विशेष नोट :–

1. पैरालीगल वालेन्टियर्स का कार्य पूर्णतः सेवा का कार्य है, नौकरी नहीं है, इसके लिए कोई वेतन /मजदूरी देय नहीं है। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार समय –समय पर पैरालीगल वालेन्टियर को निर्धारित मानदेय देय होगा।
2. आयु सीमा–किसी भी आयु का व्यक्ति आवेदन कर सकता है, बशर्ते वह स्वस्थ हो और उसमें किसी भी प्रकार का ऐसा कोई शारीरिक दोष ना हों जो उसे कार्य करने के लिए अक्षम बनाता है।
3. शैक्षणिक योग्यता–कम से कम 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण।
4. **निम्न समूह के व्यक्तियों को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी–**

1 – शिक्षक (जिसमें रिटायर्ड शिक्षक भी शामिल हैं।)

2 – रिटायर्ड सरकारी सेवक एवं वरिष्ठ नागरिक

3 – एम.एस.डब्ल्यू., स्टूडेन्ट एवं शिक्षक

4 – आँगनवाड़ी कार्यकर्ता

5 – चिकित्सक

6 – स्टूडेंट और लॉ स्टूडेंट **(जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित ना हों)**

7 – एन.जी.ओ. एवं क्लब के सदस्य

8 – महिला समूहो, मैत्रीसंघों, स्व–सहायता समूहों के सदस्य

9 – जेल में अच्छे व्यवहार और लंबी सजा प्राप्त कैदी।

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 03/07/2026 सायं 5:00 बजे तक

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर उसके साथ एक पासपोर्ट साईज का फोटो संलग्न कर **दिनाँक 03/07/2026 को सायं 5:00 बजे तक** कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर ए.डी.आर. सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर, सागर में जमा किया जा सकेगा। इसके साथ ही सचिव, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर ए.डी.आर. सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर, सागर (म.प्र.) पिनकोड 470002 के पते पर आवेदन पत्र डाक/कोरियर द्वारा भी प्रेषित किया जा सकता है। **अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।**

चयन प्रक्रिया :–

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर में चयन कमेटी के द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों में से अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों का **चयन साक्षात्कार** के माध्यम से किया जावेगा। तत्संबंधी सूचना कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर के सूचना पटल पर चस्पा होगी। साक्षात्कार के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना जारी नहीं की जावेगा। चयन कमेटी को किसी भी उम्मीदवार का आवेदन/रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा और कमेटी का निर्णय अंतिम होगा जिस पर कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी ना ही तत्संबंधी अधिकार किसी भी व्यक्ति के पास होगा।

मा. प्रधान जिला एवं सत्र न्या./अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार

(अंकित श्रीवास्तव)
न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला सागर (म.प्र.)

"जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर (म.प्र.) में पैरालीगल वालेन्टियर चयन हेतु

"आवेदन–पत्र"

प्रति,

श्रीमान सचिव महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सागर (म.प्र.)

महोदय,

सादर निवेदन है कि मैं प्रार्थी/प्रार्थिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर द्वारा संचालित **पैरालीगल वालेन्टियर्स योजना** से जुड़कर पैरालीगल वालेन्टियर बनना चाहता/चाहती हूँ तथा मैं, विधिक सेवा के क्षेत्र में स्वेच्छया अपना समय योगदान एवं सेवा कार्य करने के लिये सहमत हूँ। मेरी व्यक्तिगत जानकारी इस प्रकार से है:–

1	पूरा नाम	
2	पिता/पति का नाम	
3	उम्र, जाति एवं धर्म	
4	व्यवसाय (वर्तमान)	
5	प्राप्त शिक्षा एवं अन्य योग्यता	
6	वर्तमान कक्षा व महाविद्यालय	
7	सामाजिक कार्यानुभव	
8	विशिष्ट उपलब्धि एवं कार्य	
9	स्थायी निवास का पूरा पता	जिला ..... (म.प्र.),पिन –.....
10	पत्राचार का पूरा पता	जिला ..... (म.प्र.),पिन –.....
11	दूरभाष नंबर/मोबाईल नंबर	मोबाईल नंबर ...../..... व्हाट्सअप नंबर ...../..... एसटीडी कोड ..... दूरभाष ..... E-mail ID : .....

यह कि मैं जानता/जानती हूँ कि पैरालीगल वालेन्टियर का कार्य पूर्णतः सेवा कार्य है, नौकरी नहीं है। मैं स्व–घोषित करता/करती हूँ कि किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेरे विरूद्ध न तो कोई दोषसिद्धि हुई है और ना ही वर्तमान में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है। उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सत्य एवं विश्वास करने योग्य है।

संलग्न :–

1. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र।
2. आधार/मतदाता परिचय–पत्र।
3. सामाजिक कार्यानुभव का प्रमाण–पत्र।
4. विशिष्ट उपलब्धि या कार्य से संबंधित प्रमाण–पत्र।
5. एक अतिरिक्त पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
6. अन्य प्रमाण–पत्र (.....)।

स्थान : – .....

दिनाँक :– .....

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर